RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 04 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 131 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बोले- मराठा समुदाय को जब तक आरक्षण नहीं मिलता तब तक चुप नहीं बैठेंगे...

मुंबई : मराठा आरक्षण की मांग को लेकर महाराष्ट्र के जालना जिले में हुई हिंसा के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार इस समुदाय को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के बुलढाणा जिले में एक राजकीय समारोह में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने यह भी कहा कि उनके और राज्य के दो उपमुख्यमंत्रियों के बीच कोई गलतफहमी नहीं है और वे सभी एक अच्छी टीम के रूप में काम कर रहे हैं।



शिंदे ने कहा, मेरी सरकार राज्य में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तब तक चुप नहीं बैठेंगे जब तक समुदाय को वाजिब आरक्षण नहीं मिल जाता है। उन्होंने कहा, जब तक मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिल जाता, तब तक पहले से क्रियान्वित सरकारी योजनाएं जारी रहेंगी और मराठा समुदाय के पात्र लोगों को इसका लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा मराठा समुदाय को नौकरियों और शिक्षा में प्रदान किए गए आरक्षण को मई 2021 में उच्चतम न्यायालय ने अन्य आधारों के अलावा कुल आरक्षण का 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा का हवाला देते हुए रद्द कर दिया था।

मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर जारी आंदोलन शुक्रवार को जालना के अंतरवाली सराटी गांव में हिंसक हो गया, जिसमें दर्जनों पुलिस कर्मी सहित कई लोग घायल हुए। पुलिस ने हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर अधिकारियों को भूख हड़ताल पर बैठे एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाने से रोक दिया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में 360 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के इस कार्यक्रम में अनुपस्थित होने के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने कहा, अजित पवार ने मुझे सूचित किया कि वह अस्वस्थ हैं। वह बुखार से पीड़ित हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एक सैन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लद्दाख में हैं।

# मुंद्रा पोर्ट से 6.5 करोड़ की विदेशी सिगरेट...

## नवी मुंबई से 19 करोड़ के ड्रग्स के साथ 7 नाईजीरियाई पकड़े



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र और अहमदाबाद में करोड़ों के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। नवी मुंबई टाउनशिप में नशीले पदार्थ के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद सात नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 19.05 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, डीआरआई अहमदाबाद ने मुंद्रा बंदरगाह से करीब 6.5 करोड़ रुपये की सिगरेट जब्त की है। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने बताया कि खारघर इलाके में आवासीय इलाकों में शुक्रवार को छापेमारी के बाद प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई और गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नाइजीरियाई लोग नशीले पदार्थ बेच रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि जब्त किए गए नशीले पदार्थों में कोकीन, एमडीएमए और ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां शामिल हैं, जो एक साइकोट्रोपिक पदार्थ है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों को नशीला पदार्थ कहां से मिला और वे इसे किसे बेच रहे थे।

# दो मंजिला इमारत का एक हिस्सा गिरने से दो की मौत 6 घायल।



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी शहर के गौरीपाड़ा इलाके में आधी रात को एक दो मंजिला इमारत का एक हिस्सा अचानक ढह जाने से इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक आठ माह का बच्चा भी शामिल है. बताया जाता है कि इमारत 40 साल से अधिक पुरानी थी।

भिवंडी शहर के गौरीपाड़ा धोबी तलाव के साहिल होटल के पास अब्दुल बारी जनाब' नामक बिल्डिंग 40 साल से ज्यादा पुरानी थी. यह इमारत मनपा द्वारा जर्जर घोसित किया गया था बावजूद लोग रह रहे थे, इमारत के निचले हिस्से में पावर लूम कारखाना है और ऊपरी दो मंजिलें आवासीय हैं. आधी रात के करीब इस इमारत के पीछे का स्लैब अचानक ढह गया.

इस हादसे में पहली मंजिल पर मौजूद परिवार मलबे में दब गए. घायलों को रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया गया. घटना की जानकारी मिलने पर भिवंडी फायर ब्रिगेड के साथ ठाणे से टीडीआरएफ की टीम बचाव कार्य के लिए पहुंची. इसके बाद बचाव दल ने स्थानीय नागरिकों की मदद से मलबे में दबे कुल सात निवासियों को बाहर निकाला. समय पर नहीं पहुचा बचावदल घटना स्थल पर समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण, मलबे के नीचे से निकाले गए घायल निवासियों को रिक्शा में अस्पताल ले जाया गया. इमारत का मलबा हटाने का काम तेजी से किया गया. अग्निशमन अधिकारी सुधाकर पवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त इमारत घनी आबादी वाले इलाके में होने के कारण राहत कार्य में बाधा आई. इमारत का मलबा हटाने का काम सुबह तक चला. इस घटना से आसपास के लोगों में दहशत है.

# भिवंडी में जालना लाठी हमले के खिलाफ पूरे मराठा समुदाय का प्रदर्शन



**भिवंडी :** जालना में मराठा आरक्षण के लिए अनशन कर रहे लोगों पर पुलिस द्वारा किए गए बेजुट लाठी चार्ज के खिलाफ जहां सभी सामाजिक समूहों ने कड़ा विरोध जताया है वहीं जगह-जगह इस के विरोध में आंदोलन भी हो रहे हैं । भिवंडी शहर में सकल मराठी समाज की तरफ से अध्यक्ष साईनाथ पवार, कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष माने के नेतृत्व में रविवार की सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर इस घटना के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और राज्य सरकार पुलिस प्रशासन के खिलाफ जाम कर घोषणा बाजी की गई । आंदोलनकारियों द्वारा राज्य सरकार को इस लाठी हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करने और लाठी हमले के लिए जिम्मेदार संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ साथ जालना पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित करने की मांग की गई । इस आंदोलन के बाद सकल मराठा समाज भिवंडी शहर अध्यक्ष साईनाथ पवार, कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष माने, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार फड़तरे, सचिव दीपक कदम ,मुख्य पदाधिकारी अरुण राऊत, प्रवीण पाटिल, भूषण रोकड़े ने मुख्यमंत्री के नाम उपविभागीय अधिकारी अमित सानप को ज्ञापन सौंपा ।

# भाजपा के पूर्व विधायक के बेटे ने अपनी लग्जरी कार से बांद्रा-वर्ली सी लिंक की रेलिंग में टक्कर मारी... मामला दर्ज




**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक के बेटे ने कथित तौर पर अपनी लैम्बॉर्गिनी 'राकन कार से शनिवार को यहां ब्रांदा-वर्ली सी लिंक की रेलिंग में टक्कर मार दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मीरा-भायंदर के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता के बेटे तक्शील आज सुबह करीब साढ़े सात बजे वर्ली की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने अपनी लग्जरी कार पर से नियंत्रण खो दिया और वह रेलिंग से टकरा गई। एक अधिकारी ने बताया कि तक्शील के दाहिने हाथ में कुछ चोटें आई हैं, लेकिन हादसे के वक्त कार में सवार दूसरा व्यक्ति पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद वर्ली पुलिस कार को थाने लेकर गई, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

अधिकारी ने बताया कि मामले




# संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## पूर्ण राज्य की हैसियत!

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म किए जाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में जो कुछ कहा उससे दो बातें बिलकुल स्पष्ट हैं। एक तो यह कि जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित इकाई का दर्जा एक अस्थायी चीज है और जब भी स्थितियां अनुकूल होंगी उसे पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया जाएगा। दूसरी बात यह कि राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सरकार गंभीर है और इससे जुड़ी सारी तैयारियां लगभग पूरी कर चुकी है। हालांकि केंद्र सरकार की ही बातों से यह भी संकेत मिलता है कि सारी तैयारियों के बावजूद विधानसभा चुनावों में थोड़ा वक्त लग सकता है क्योंकि पहले पंचायत चुनाव और नगरपालिकाओं के चुनाव करवाए जाने हैं। वैसे दोनों मुद्दों पर सरकार अपना यही रुख पहले भी सार्वजनिक कर चुकी है और इसलिए कुछ लोग पूछ सकते हैं कि इसमें नया क्या है। अव्वल तो यह कि सुप्रीम कोर्ट के सामने सरकार का कुछ कहना वैसे भी अहम है और इसकी तुलना कहीं और कही गई सरकार की वैसी ही बातों से नहीं की जा सकती। दूसरी बात यह कि मौजूदा माहौल में पहली बार सरकार ने कहा है कि चुनाव से जुड़ी तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और अब चुनाव तिथियों की घोषणा करने की औपचारिकता ही बच गई है जो चुनाव आयोग अपने हिसाब से कभी भी पूरी कर सकता है। मगर ज्यादा बड़ा मुद्दा जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे का है जिस पर सरकार अभी तक कोई टाइमफ्रेम बताने की स्थिति में नहीं आ पाई है। सवाल है कि इसके पीछे आखिर क्या वजह हो सकती है। जहां तक अनुच्छेद 370 के तहत मिले विशेषाधिकार को खत्म किए जाने की बात है तो संवैधानिक और कानूनी कसौटियों पर उसे परखने का काम सुप्रीम कोर्ट कर रहा है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा कोई ऐसी बात नहीं है जो सीधे तौर पर उससे जुड़ी हो। राज्य में कानून-व्यवस्था और आतंकी गतिविधियों के मोर्चे पर खुद सरकार के मुताबिक जबर्दस्त सुधार है। जम्मू-कश्मीर की संवेदनशील स्थिति को लेकर कोई संदेह नहीं हो सकता लेकिन नॉर्थईस्ट से लेकर पंजाब तक तमाम सीमावर्ती राज्य हैं जहां देश कानून-व्यवस्था, आतंकवाद और अलगाववाद से जुड़ी गंभीर चुनौतियां झेल चुका है। एक ही बात है जो जम्मू-कश्मीर को थोड़ा अलग करती है और वह है अनुच्छेद 370 से जुड़े कानूनी और संवैधानिक सवालों का पेंडिंग रहना। हो सकता है सरकार चाहती हो कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की दिशा में कदम उठाने से पहले अनुच्छेद 370 के मसले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला देख लिया जाए। बहरहाल, यह समझना होगा कि जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल होने की बात वहां के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली के साथ ही उसके पूर्ण राज्य के दर्जे से भी अभिन्न रूप में जुड़ी है।

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म किए जाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में जो कुछ कहा उससे दो बातें बिलकुल स्पष्ट हैं। एक तो यह कि जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित इकाई का दर्जा एक अस्थायी चीज है और जब भी स्थितियां अनुकूल होंगी उसे पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया जाएगा। दूसरी बात यह कि राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सरकार गंभीर है और इससे जुड़ी सारी तैयारियां लगभग पूरी कर चुकी है। हालांकि केंद्र सरकार की ही बातों से यह भी संकेत मिलता है कि सारी तैयारियों के बावजूद विधानसभा चुनावों में थोड़ा वक्त लग सकता है क्योंकि पहले पंचायत चुनाव और नगरपालिकाओं के चुनाव करवाए जाने हैं। वैसे दोनों मुद्दों पर सरकार अपना यही रुख पहले भी सार्वजनिक कर चुकी है और इसलिए कुछ लोग पूछ सकते हैं कि इसमें नया क्या है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

### आंदोलनकारियों की चेतावनी...

# 'इस्तीफा दें या मांफी मांगें देवेंद्र फडणवीस' नहीं तो घर तक पहुंच जाएंगे मोर्चा लेकर...'

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के जालना में मराठा आरक्षण के लिए भूख हड़ताल पर बैठे लोगों पर लाठीचार्ज का मामला अब पूरे राज्य में बढ़ता जा रहा है. पुलिस की इस कार्रवाई से मराठा मोर्चा और संगठनों से जुड़े लोगों में गुस्सा है. अब अलग-अलग शहरों में इसका विरोध दिखने लगा है. 3 सितंबर (रविवार) सुबह 11 बजे मुंबई में भी मराठा संगठन से जुड़े लोग आंदोलन कर रहे हैं. यह आंदोलन मुंबई के दादर इलाके में स्थित प्लाजा सिनेमा चौक पर हो रहा है.



**क्या कहा आंदोलनकारियों ने?**

इस मौके पर पुलिस का भारी बंदोबस्त देखा जा सकता है. हालांकि यह केवल धरना है, मराठा संघटन के लोगों ने बताया कि वह शांतिपूर्ण तरीके से धरना करेंगे. मराठा संगठन के लोगों ने एबीपी न्यूज को बताया कि वह पिछले 30 सालों से मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन करते आए हैं. हर बार अनशन होता आ रहा है, लेकिन आज तक एक बार भी आंदोलनकारियों ने पत्थरबाजी नहीं की. उन्होंने कहा, 'हम शांति से यह आंदोलन करते आए हैं, लेकिन राजनीतिक खेलों के कारण हम पर झूठे आरोप लगाए गए हैं. हमारे गांव में मौजूद लोगों ने हमें बताया कि उन्होंने गाड़ियों को नहीं जलाया.'

### डिप्टी सीएम को दी चेतावनी...

आंदोलनकारियों ने बताया, 'कुछ दिनों बाद एक सरकारी कार्यक्रम होने जा रहा था और हम सब अनशन पर बैठे थे. इसी कारण से पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए हम पर अटैक किया गया. जब तक डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस इस्तीफा या माफी नहीं मांगेंगे तब तक यह आंदोलन ऐसे ही चलता रहेगा. हम मंत्रालय तो क्या देवेंद्र फडणवीस के घर तक मोर्चा लेकर पहुंच जाएंगे.' जालना में मराठा आरक्षण के लिए बैठ लोगों पर पुलिस की कार्रवाई के बाद राजनीति भी गरमाने लगी है. शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से लेकर कांग्रेस और एनसीपी ने भी इस मामले में सरकार पर निशाना साधा है.

# नवी मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों की ड्रग्स जब्त... कई विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन



**मुंबई** : ड्रग तस्करों के खिलाफ मुंबई में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को ड्रग तस्करों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर लगभग 5 करोड़ कीमत की ड्रग्स को बरामद किया है। नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में वाशी, कोपरखैरणे, खारघर और तलोजा पुलिस स्टेशनों के 6 स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान कुल 74 विदेशी नागरिकों से पूछताछ की गई। एनडीपीएस और ओसपोर्ट अधिनियम के तहत कुल 5 मामले दर्ज किए गए हैं, इन 5 मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ 3 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हैं।

**छापेमारी में कोकेन समेत हाइड्रोक्लोराइड जब्त**

इस छापेमारी में नवी मुंबई पुलिस ने 898 ग्राम कोकीन, 267 ग्राम एमडी, 4,96,26,000 लाख रुपये की प्रतिबंधित ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की 36,640 स्ट्रिप्स जब्त की है। साथ ही भारत में अवैध रूप से रहने वाले आरोपियों के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम के तहत भी 2 मामले दर्ज किए गए हैं। इस दौरान जांच में 9 विदेशी नागरिकों के दस्तावेज गलत पाए गए हैं। वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे 31 लोगों को भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया गया है। साथ ही डिजिटल फोरेंसिक जांच के लिए वाहन और मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक राजपत्र जब्त कर लिए गए हैं।

### नवी मुंबई पुलिस ने की कार्रवाई

इस दौरान जांच करने पर 11 ऐसे लोग मिले जिनके खिलाफ आपराधिक मामले पहले ही दर्ज थे। नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे ने बताया कि जिन फ्लैट मालिकों ने अपने फ्लैट किराए पर देने के बारे में पुलिस को सूचित नहीं किया, उन पर भी सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेशों का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया जाएगा।

# अंतिम सांस तक मिट्टी के प्रति वफादार रहूँगा- डॉ. सुरेश खाडे



**मुंबई** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना से शुरू पूरे देश में 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत श्रम मंत्री डॉ. सुरेश खाड़े ने धरती को प्रणाम कर पूजा की. मंत्री ने कहा कि जब तक जीवित हूं, तब तक मिट्टी के प्रति वफादार रहूंगा.. अपने सरकारी आवास ज्ञानेश्वरी पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री खाड़े ने माटी को नमन किया. खाड़े ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत देशभर में भूमि पूजन और माटी वंदन की गतिविधियां चल रही हैं. हर व्यक्ति को अपनी मिट्टी से जुड़ना चाहिए। विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. लेकिन काम की व्यस्तता के कारण गांव में मिट्टी का पूजन करना संभव नहीं हो सका, इसलिए मुंबई में मिट्टी का पूजन कर रहे हैं.

## छत्रपति के रैयतों पर अमानवीय लाठियां बरसाई जाती हैं... गोलियां चलाई जाती हैं। क्या ये सरकार निजामशाही है? - संभाजीराजे भोसले

**मुंबई :** मौजूदा सरकार दावा करती है कि यह सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों पर चलती है। फिर उसी छत्रपति के रैयतों पर अमानवीय लाठियां बरसाई जाती हैं, गोलियां चलाई जाती हैं। क्या ये सरकार निजामशाही है? संभाजीराजे भोसले छत्रपति ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने आंतरवाली सराटी में मराठा आंदोलनकारियों से मुलाकात की और उनसे विचार-विमर्श किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला मराठा समुदाय पर है। सरकार ने इतनी बड़ी घटना के लिए साधारण माफी मांगने तक का शिष्टाचार नहीं दिखाया है। उदयनराजे भोसले भी आंतरवाली सराटी गए और मराठा प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। उन्होंने मांग की है कि अमानवीय लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी पूछा कि अन्य समुदायों को न्याय मिलता है, मराठा समुदाय को क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि इस घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए।



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में रविवार को बुलढाणा में 'शासन आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# छत्रपति संभाजी नगर, लातूर सहित नांदेड़, परभणी में भी आंदोलन

**मुंबई :** जालना जिले के आंतरवाली स्थित सराटी में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनशन करनेवाले मराठा लोगों पर पुलिस के अमानवीय लाठीचार्ज से मराठवाड़ा में गुस्से का ज्वालामुखी फूट पड़ा! जालना शहर में आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया। आंदोलनकारियों ने गाड़ियों में आग लगा दी। इस बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवाई फायरिंग की। बीड में भी कई जगहों पर हिंसक आंदोलन हुआ। धाराशिव में भी पथराव हुआ। हिंगोली में संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को काले झंडे दिखाए गए, प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेर लिया और उनसे जवाब मांगा। लाठीचार्ज के



विरोध में छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, नांदेड़ और लातूर में भी प्रदर्शन हुए। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जालना जिले के आंतरावाली स्थित सराटी में मनोज जरांगे पाटील समेत कुछ कार्यकर्ता अनशन पर बैठे थे। मनोज जरांगे से उनका स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण वे अपना अनशन वापस ले लें, इस तरह का अनुरोध मुख्यमंत्री और अन्य लोगों ने किया। लेकिन उन्होंने अनशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखते हुए अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद जब पुलिस ने इलाज के नाम पर जरांगे को हिरासत में लेने की कोशिश की तो कार्यकताओं ने उसका विरोध किया। इससे गुस्साई पुलिस ने विरोध को कुचलने की कोशिश की। महिलाएं, बच्चे, बूढ़े सभी की पुलिस ने पिटाई कर दी। पुलिस ने दहशत पैदा करने के लिए अंधाधुंध आंसू गैस का इस्तेमाल किया और हवा में फायरिंग भी की। पुलिस के लाठीचार्ज करने के बाद आक्रोशित भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। इसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस की इस निजामी से पूरे मराठवाड़ा में आक्रोश शुरू हुआ।

आंतरवाली सराटी में शांतिपूर्वक चल रहे मराठा आरक्षण विरोध को कुचलने वाली पुलिस ने उल्टे सीनाजोरी करते हुए मराठा प्रदर्शनकारियों पर जान से मारने की कोशिश करने का मामला दर्ज किया है। मनोज जरांगे की स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल ले जाते समय आंदोलनकारियों ने बहस करते हुए पथराव शुरू कर दिया। इसमें कई पुलिसवाले घायल हो गए। इस तरह की शिकायत पुलिस उपनिरीक्षक गणेश राऊत ने गोंदी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। इसमें ऋषिकेश बेंद्रे, श्रीराम कुरणकर, राजू कुरणकर, संभाजी बेंद्रे, महारुद्र अंबारूले, राजेंद्र कोटुंबे, भागवत तारख, दादा घाडगे, पांडुरंग तारख, अमोल पंडित, किरण तारख, अमोल लहाने, वैभव आवटे, किशोर कटारे, अविनाश मांगदरे, मयूर आवटे समेत ३५० प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मां के शव को अपने कंधों पर श्मशान ले जाकर अंतिम संस्कार किया



**मुंबई :** वैदिक रीति-रिवाज के मुताबिक, माता या पिता के निधन के बाद बेटे द्वारा अंतिम संस्कार करने की परंपरा रही है। लेकिन कई मौकों पर ऐसा हुआ है, जब बेटियों ने माता या पिता का अंतिम संस्कार कर इस परंपरा को तोड़ा है। अब महाराष्ट्र के ठाणे में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां पांच महिलाओं ने परंपराओं को तोड़ते हुए अपनी मां के शव को अपने कंधों पर श्मशान ले जाकर अंतिम संस्कार किया और अंतिम श्रद्धांजलि दी। हालांकि, महिलाओं को इस कदम के लिए उन्हें अपने ही समुदाय के कुछ लोगों का विरोध भी झेलना पड़ा। यह घटना ठाणे के बदलापुर में पांच बहनों के शवयात्रा में शामिल होने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया और लोग इसकी सराहना कर रहे हैं। अरुणा अशोक पवार (५२) खानाबदोश दिसादी जनजाति से थीं। उनका २५ अगस्त को निधन हो गया था। अरुणा की बेटी और सामाजिक कार्यकर्ता दीपा पवार ने कहा, 'मेरे पिता की मृत्यु के बाद मेरी मां ने हमें पूरा सहयोग दिया और हमारा पालन-पोषण किया। वह एक भट्ठे में काम करती थीं और कटलरी बेचती थीं। उनका निःस्वार्थ कार्य अद्वितीय था। हम बहनों ने तय किया था कि श्रद्धांजलि स्वरूप हम उनका अंतिम संस्कार करेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। दीपा के मुताबिक, महिलाओं द्वारा शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने और अंतिम संस्कार करने के विचार का उनके समुदाय में कुछ लोगों ने समर्थन किया, जबकि कुछ लोगों ने विरोध भी किया था, क्योंकि यह पहली बार हो रहा था। दीपा पवार ने कहा, 'हमने एक मिसाल कायम की है और हमें खुशी है कि हमारे समुदाय और समाज ने समग्र रूप से हमारे कदम का समर्थन किया है। हमने वही किया जो हमें सही लगा।

शाह रुख खान बेटी सुहाना खान की फिल्म में निभाएंगे ये किरदार! पिता-बेटी की जोड़ी बड़े पर्दे पर लगाएगी आग हिंदी सिनेमा में सालों से अपनी धाक जमाए बैठे शाह रुख खान का आज भी चार्म जरा भी कम नहीं हुआ है। किंग खान की तरह उनकी बेटी सुहाना खान भी इंडस्ट्री में नाम कमाना चाहती हैं, जिसके लिए उन्होंने एक कदम आगे भी बढ़ा दिया है। अब सुहाना खान को लेकर चर्चा है कि वह अपने पिता शाह रुख खान के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। शाह रुख और सुहाना पिता-बेटी गोल्स देते हैं। दोनों एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं गंवाते हैं। शाह रुख के साथ बेटी सुहाना को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उनके चाहने वाले बेताब हैं। पहले कहा गया था कि सुहाना की फिल्म में किंग खान का कैमियो होगा, लेकिन अब नया अपडेट सामने आया है। खबरें चल रही हैं कि शाह रुख खान अपनी बेटी सुहाना खान की अपकमिंग थ्रिलर में एक अहम किरदार निभाएंगे। सुजॉय घोष की आगामी थ्रिलर फिल्म में सुहाना का किरदार जबरदस्त होगा और शाह रुख अपनी बेटी की हेल्प करते हुए दिखाई देंगे।

# दूध और दूध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए जिला स्तरीय समिति बनाने का आदेश

**ठाणे :** दूध में मिलावट करनेवाले सावधान हो जाए क्यों कि जिला प्रशासन ने 'दूध का दूध' और 'पानी का पानी' करने के लिए एक समिति गठित की है। समिति गुप्त तरीके से दूध में मिलावट करनेवालों पर कार्रवाई करेगी।



बता दें कि राज्य में दूध और दूध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए जिला स्तरीय समिति बनाने का आदेश सभी जिलाधिकारियों को दिया गया है। आदेश के अनुसार, जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जाइभाये के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया है। इस समिति का कार्य दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने हेतु स्थल जांच अभियान चलाना, मिलावट करने वाले व्यक्तियों / प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज कराकर कार्यवाही करना शामिल है। डेयरी विभाग के सचिव तुकाराम मुंडे ने राज्य स्तरीय बैठक में निर्देश दिए हैं कि आगामी त्योहारों को देखते हुए समिति दूध और दूध से बने उत्पादों के मुद्दे को गंभीरता से लें। दोषी दुकानदारों/व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों को मिलावटी दूध और दूध से बने उत्पाद उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। इस संबंध में ठाणे जिला स्तरीय समिति ने कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी है और समिति ने शाहपुर तालुका में तीन स्थानों पर दूध का निरीक्षण किया है। साथ ही निवार्णी ने जिले के डेयरी व्यवसायियों को चेतावनी दी है। जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में गठित की गई समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जाइभाये-धुले हैं। इस समिति के सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य और जिला औषधि प्रशासन है। पशुपालन उपायुक्त, उप नियंत्रक, मान्यकरण विज्ञान एवं जिला डेयरी विकास अधिकारी दीपक खांडेकर सदस्य सचिव हैं।




# भांडुप- नाहुर रेलवे स्टेशन परिसर में मिलेगी मुक्ति

## मनपा ने 40 साल पुराने 64 निर्माण को तोड़ा



**मुंबई :** भांडुप और नाहुर रेलवे स्टेशनों तक पहुंचने के लिए नागरिकों को अब ट्रैफिक की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। मनपा ने इस समस्या के समाधान के लिए भांडुप भट्टीपाड़ा जंक्शन के आसपास 64 निर्माणों को जमींदोज कर दिया है। यह निर्माण सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे थे। मनपा ने भट्टीपाड़ा जंक्शन पर खोत मार्ग, गांव देवी मार्ग, जंगल मंगल मार्ग में बाधा बन रहे थे जिससे इस परिसर में ट्रैफिक की समस्या हो रही थी। मनपा ने इसी के चलते निर्माण को तोड़ दिया। इन निर्माण में ज्यादातर निर्माण 40 साल पुराने थे। मनपा जोन 6 के उपायुक्त देवीदास क्षीरसागर ने कहा कि भट्टीपाड़ा जंक्शन पर संकरी सड़क भारी ट्रैफिक जाम का कारण बन रही थी। इस चौक के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए यहां तोड़क कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के लिए मनपा ने एक पोकलेन, 3 जेसीबी, 6 डंपर और 10 मनपा अधिकारी सहित 49 कर्मचारी तैनात किए थे। भांडुप पुलिस की ओर से पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई थी। भट्टीपाड़ा जंक्शन चौक के चौड़ीकरण से टेंभीपाडा, गांवदेवी, एंथोनी चर्च, छत्रपति शिवाजी महाराज तालाब के निवासियों को राहत मिलेगी। इस कार्रवाई से ब्रिम्सटोवाड परियोजना के तहत गांवदेवी नाला के चौड़ीकरण का भी रास्ता साफ हो गया है। नाला चौड़ा करने में बाधा बन रहे पेड़ों की छंटाई भी उचित अनुमति से की गई है।

# मराठा प्रदर्शनकारियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल किया - पवार

मुंबई : जालना में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के ऊपर लाठीचार्ज के मामले में शरद पवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह लाठी चार्ज मुंबई के आदेश पर किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इस वक्त सिर्फ और सिर्फ तानाशाही चल रही है।



राज्य सरकार और गृह विभाग को राज्य में शांति बनाए रखने का काम सौंपा गया है। लेकिन गृह मंत्रालय के प्रशासकों ने मराठा प्रदर्शनकारियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल किया है। ये बहुत परेशान करनेवाली बात है। जालना में हुई इस अमानवीय घटना के लिए राज्य का गृह मंत्रालय जिम्मेदार है और मैं सार्वजनिक रूप से इस घटना की निंदा करता हूं।


जालना में जो हुआ है वह बहुत गंभीर विषय है। इस प्रकार की घटना जालना जिले तक सीमित न रहकर अन्य स्थानों तक फैलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। शरद पवार ने कहा कि हमने अस्पताल में कल घायलों से मुलाकात की। आश्चर्यजनक बात यह है कि जिस जगह पर बल प्रयोग किया गया है। वहां महिलाएं और बच्चे भी नजर नहीं आए। आंदोलन ठीक से चल रहा था। आंदोलन को समाप्त करने के लिए चर्चा भी शुरू थी। सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था, तभी पुलिस को मुंबई से निर्देश मिला और पुलिस ने अपना मन बदल लिया और लाठीचार्ज कर दिया, ऐसा पवार ने कहा। पुलिस ने हवा में फायरिंग की, उस फायरिंग में निकली गोली के छर्रे घायलों को लगे हैं। कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस सरकार के दौरान कैबिनेट में आरक्षण देने का फैसला किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण होना चाहिए और किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। परंतु चर्चा के दौरान अचानक लाठीचार्ज होता है और उसके बाद क्रोधपूर्ण प्रतिक्रिया होती है तो इस घटना की जिम्मेदारी निर्णय लेनेवालों की है। घायलों और प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पुलिस को ऊपर से आदेश दिया गया था। उसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस पर आंदोलनकारियों ने हमला नहीं किया है। लेकिन मैं इसके लिए पुलिस को दोष नहीं दूंगा। उन्हें किसने आदेश दिया? इसकी उच्चस्तरीय या न्यायिक जांच की आवश्यकता है, ऐसा शरद पवार ने कहा।

# महाराष्ट्र के जलगांव में तीन लोगों की हत्या... दो घायल




**नासिक :** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में भुसावल शहर के पास कंडारी गांव में दो अलग-अलग स्थानों पर दो भाइयों सहित तीन लोगों की कथित तौर पर हत्या कर दी गई और दो अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को श्रीराम नगर इलाके के निवासी निखिल सुरेश राजपूत (35) की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस रिकॉर्ड में सजायाफ्ता अपराधी निखिल की श्रीराम नगर इलाके में नगर निगम की पानी की टंकी पर सोते समय एक युवक ने कथित तौर पर गला काटकर हत्या कर दी, जिससे इलाके में डर का माहौल पैदा हो गया। वहीं एक अन्य घटना में शुक्रवार की रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तलवार और चाकू से हमला किए जाने से दो भाइयों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में राकेश सालुंखे और शांताराम सालुंखे की मौके पर ही मौत हो गई।

# लोकल ट्रेन में खुलेआम 'ड्रग्स' का नशा करते नजर आए 6 युवक... वीडियो देखकर भड़के यूजर्स



**मुंबई :** मुंबई की लोकल ट्रेन से आए दिन कोई न कोई चौंकाने वाला वीडियो वायरल होता रहता है. अब इन दिनों एक बार फिर एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है. इस वीडियो में 6 लड़के और एक लड़की मुंबई की लोकल ट्रेन में बेखौफ होकर ड्रग्स लेते हुए नजर आ रहे हैं. इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स भड़क गए हैं. बताया जा रहा है कि ड्रग्स लेने की यह घटना लोकल ट्रेन में 1 सितंबर को हुई है.

जानकारी के मुताबिक, एक यूजर ने दावा किया है कि ये सभी युवक नालासोपारा स्टेशन पर खुलेआम ड्रग्स ले रहे थे. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शख्स लोगों की भीड़ के बीच बिना किसी खौफ के ड्रग्स ले रहा है. जबकि दूसरा शख्स उसको मोबाइल पर ड्रग्स रखकर ऑफर कर रहा है. एक 'एक्स' यूजर ने यह वीडियो शेयर किया है. उसने दावा किया कि मुंबई की लोकल ट्रेन में बैठकर 6 लड़के और एक लड़की ड्रग्स ले रहे थे. यूजर ने यह भी कहा कि इन लड़कों की जेब में बड़ी मात्रा में ड्रग्स थे.

### युवकों को पकड़ने में जुटी पुलिस

इस वीडियो के सामने आने के बाद रेलवे अधिकारियों और लोगों ने अपनी चिंता जाहिर की है. इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है. डिवीजन रेलवे मैनेजर ने रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को इस घटना की जांच का निर्देश दिया है. लोकल ट्रेन में ड्रग्स लेने वाले 6 युवक और एक युवती का पता लगाने की कोशिश तेज हो गई है.

### लोगों से मदद की अपील

वेस्टर्न रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि सभी रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स और गवर्मेंट रेलवे पुलिस पोस्ट्स को एक लुकआउट नोटिस सकुर्लेट कर दिया गया है.

# मुंबई से सटे ठाणे में इमारत गिरने से 8 महीने के बच्चे समेत दो की मौत

ठाणे : महाराष्ट्र के ठाणे जिल में एक इमारत के गिरने से एक आठ महीने के बच्चे से दो लोगों को मौत हो गई है. घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं. पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार घटना रविवार मध्य रात्रि की बताई जा रही है. घटना स्थल पर कोई ना फंसा हो इसके लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.



ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि भिवंडी शहर के धोबी तलाव इलाके में दुर्गा रोड पर स्थित छह फ्लैट वाली एक मंजिला इमारत देर रात 12.35 बजे ढह गई. घटना की सूचना मिलने के बाद ठाणे आपदा प्रतिक्रिया बल (टीडीआरएफ) की एक टीम और भिवंडी निजामपुर नगर निगम के अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे. और राहत और बचाव का कार्य शुरू किया गया. रात में तलाशी अभियान चलाया गया और मलबे से सात लोगों को बाहर निकाला गया. अधिकारी ने बताया कि आठ महीने की एक बच्ची और एक महिला की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान उज्मा आतिफ मोमिन (40) और तसलीमा मोसर मोमिन (8 महीने) के रूप में की गई है. पुलिस के अनुसार इस घटना में घायल हुए लोगों में चार महिलाएं और एक पुरुष है. सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. घटनास्थल से मलबे को हटाने का काम शुरू हो कर दिया गया है.




# निवेश से प्रतिशत के नाम पर कारोबारी से 31 करोड़ की धोखाधड़ी मैनेजर समेत मालिक के खिलाफ गबन का मामला दर्ज।




**मुस्तकीम खान।**

**भिवंडी :** एक कंपनी के मालिक और प्रबंधक द्वारा मिली भगत कर एक व्यवसायी को मूल निवेश पर 11 से 12 प्रतिशत का लाभ देने का लालच देकर उसके साथ 31 करोड़ रुपये की धोखाधडी करने का मामला सामने आया है । इस मामले में नारपोली पुलिस स्टेशन में कंपनी मालिक पराग पंकज ठक्कर (44 जिला मुलुंड पश्चिम) और प्रबंधक सागर शंकरन चिनरामपेल्ली (45 जिला विरार पश्चिम के खिलाफ मामला दर्ज.किया गया हैं । पुलिस के मुताबिक पराग ठक्कर इंडो पैसिफिक ग्लोबल सर्विसेज नामक कंपनी के मालिक हैं और सागर उक्त कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। दोनों ने जनवरी 2022 से 3 फरवरी 2023 के बीच कामतघर इलाके में गणेश मंदिर के पास व-्हाळ देवी अपार्टमेंट ए 21 में रहने वाले कारोबारी संदीप कुमार भगवानदास गुप्ता को इंडो पैसिफिक ग्लोबल सर्विसेज नामक कंपनी में निवेश करने के लिए कहा और उस राशि पर प्रति माह 11 से 12 प्रतिशत लाभ कमाने का लालच दिया । जिस के लिय व्यापारी ने कंपनी में 31 करोड़ 95 लाख 27 हजार 300 रुपए का निवेश किया था। इसके बाद दोनों भामटों ने उक्त राशि को नोटरीकृत कर व्यापारी को एक वचन पत्र दिया और फ्रीज किए गए इंडेलसैंड बैंक खाता संख्या 259967123456 के 42 चेक देकर धोखाधड़ी की ।इस मामले में व्यवसायी संदीप कुमार की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 406, 34 के तहत मामला दर्ज किया है । आगे की जांच पोनि प्रमोद कुम्हार कर रहे हैं ।

# कांग्रेस ने उदयनिधि स्टालिन के सनातन बयान से खुद को अलग कर लिया

**मुंबईः** डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म की तुलना ''मच्छर, डेंगू, मलेरिया और कोरोना'' से करने के बयान से कांग्रेस को दूर रखने की कोशिश करते हुए, पार्टी के महाराष्ट्र प्रमुख नाना पटोले ने रविवार को कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में भागीदार हैं। तमिलनाडु किसी भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने में विश्वास नहीं रखता। शनिवार को चेन्नई में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, तमिलनाडु सरकार में खेल और युवा मामलों के मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म के खिलाफ हमला बोलते हुए कहा, ''कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता है, उन्हें केवल समाप्त किया जाना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, हमें इन्हें खत्म करना है। इसी प्रकार हमें सनातन धर्म को भी मिटाना है। केवल सनातन का विरोध करने के बजाय इसे खत्म करना चाहिए।''

रविवार को एएनआई से बात



करते हुए, पटोले ने दलित आइकन बीआर अंबेडकर की 'सर्व धर्म सम भाव' (सभी धर्म समान हैं) टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा, 'हमारा रुख स्पष्ट है। कांग्रेस किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर न तो टिप्पणी करती है और न ही इसमें विश्वास रखती है।''''हम किसी और के बयान की ज़िम्मेदारी नहीं ले सकते। लेकिन हमारी स्थिति स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई है, ''कांग्रेस नेता ने कहा। गौरतलब है कि कांग्रेस और द्रमुक भी विपक्षी गठबंधन - भारतीय राष्ट्रीय जनतांत्रिक समावेशी गठबंधन (INDIA) में भागीदार हैं। द्रमुक नेता की टिप्पणी पर तीखा जवाब देते हुए, भाजपा के राज्य प्रमुख के अन्नामलाई ने एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किया, ''गोपालपुरम परिवार का एकमात्र संकल्प राज्य जीडीपी से अधिक संपत्ति जमा करना है। थिरु @ उदयस्टालिन, आप, आपके पिता, या उनके या आपके विचारक के पास ईसाई मिशनरियों से खरीदा हुआ विचार है और उन मिशनरियों का विचार अपनी दुर्भावनापूर्ण विचारधारा को दोहराने के लिए आपके जैसे ******* को विकसित करना था। उदयनिधि पर और कटाक्ष करते हुए उन्होंने पोस्ट किया, ''तमिलनाडु अध्यात्म की भूमि है। सबसे अच्छा काम जो आप कर सकते हैं वह है इस तरह के कार्यक्रम में माइक पकड़ना और अपनी निराशा व्यक्त करना!''''उनकी भावनाओं को दोहराते हुए, भाजपा के आईटी सेल प्रमुख, अमित मालवीय ने कहा, डीएमके मंत्री ''भारत की 80 प्रतिशत आबादी के नरसंहार'' का आ''ान कर रहे थे।

''तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और डीएमके सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को मलेरिया और डेंगू से जोड़ा है... उनका मानना है कि इसे खत्म किया जाना चाहिए, न कि केवल विरोध किया जाना चाहिए। संक्षेप में, वह भारत की 80% आबादी के नरसंहार का आ''ान कर रहे हैं, जो सनातन धर्म का पालन करते हैं, ''मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया। मंत्री की टिप्पणी को मुंबई में विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक से जोड़ते हुए, मालवीय ने कहा कि गुट के साझेदारों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या यही वह मुद्दा था जिस पर वे बैठक में सहमत हुए थे।''(द्रमुक) विपक्षी गुट का एक प्रमुख सदस्य है और कांग्रेस के लंबे समय से सहयोगी रहे। क्या मुंबई बैठक में इसी पर सहमति बनी थी?'' भाजपा नेता ने आगे कहा।

# जुनून ने बनाया कोलकाता की इंजीनियर छात्र महजबीन फातिमा उर्फ सोफिया को स्टार.





**अफजल शैख**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता की रहने वाली महजबीन फातिमा उर्फ सोफिया जिसके आंखों में सपना था कुछ कर दिखाने का और यही सपना सोफिया ने सच कर दिखाया. सोफिया को वर्ष 2018 में उसके भाई आसिफ ने लाइकी ऐप के बारे में बताया जिसके बाद सोफिया ने ऐप चलाना सीखा और अपनी वीडियो बनाने लगी और इसी के बाद काफी मजा आने लगा सोफिया को और यही सिलसिला करोड़ों लोगो तक पहुंचा और लोगो ने जबरदस्त प्यार दिया और लाखो में सोफिया के फॉलोअर हो गए, लाखों लोगो को आकर्षित करते देख सोफिया को लाइकी ऐप ने मान्यता प्राप्त लाइकर बना दिया। हालाँकि, घर पर लड़ाई अभी जीतनी बाकी थी, क्योंकि उसके माता-पिता दोनों चाहते थे कि वह वीडियो बनाने के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे। लेकिन पॉपुलैरिटी देख सारी चीजे आगे जाकर बदल गईं और लाइकी ने उन्हें एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निमंत्रण भेजा जिसके बाद सोफिया एक स्टार के रुप में प्रेजेंट हुई. एक प्रसिद्ध अखबार ने बताया की सोफिया ने कहा''जब मुझे निमंत्रण मिला तो मैं रोमांचित हो गया। हालाँकि मेरी माँ इसके बारे में आशंकित थी, मैं उन्हें समझाने में कामयाब रही, क्योंकि कार्यक्रम स्थल मेरे घर के बहुत करीब था। मैं समान विचारधारा वाले कई लोगों से मिली और ऐप के बारे में बहुत सारी जानकारी प्राप्त की,''

लाइकी ने मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल दी है। पहले मैं बहुत सी बाधाओं में थी, लेकिन अब, दो साल बाद, मेरे माता-पिता को इसकी क्षमता का एहसास हुआ है। जब माँ मेरे साथ लाइकी कार्यक्रम में गईं, तो वह मेरे लिए एक महान क्षण था क्योंकि उन्हें मुझ पर गर्व महसूस हुआ जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग मुझे पहचानते हैं और मेरे काम की सराहना करते हैं, ''सोफि या कहती है. सोफिया के इस सफलता को लेकर ये जरूर खयाल आएगा आपको की ''रख हौसला वो मंजर भी आयेगा, प्यासे के पास चल के समन्दर भी आयेगा, थक कर न बैठ ऐ मंजिल के मुसाफिर,मंजिल भी मिलेगी,और मिलने का मजा भी आयेगा. अब सोफिया अपनी पढ़ाई के साथ अपनी बाहें इंशिया फातिमा और भाई आसिफ के साथ वीडियो बनाकर लोगो का दिल जीतने का काम करती है.

# मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों पर पुलिस लाठीचार्ज के बाद कांग्रेस ने मराठवाड़ा में 'जनसंवाद यात्रा' स्थगित कर दी

**मुंबईः** जालना जिले में मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों पर पुलिस लाठीचार्ज के बाद क्षेत्र में तनाव के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस ने मराठवाड़ा के सभी जिलों में रविवार से होने वाली अपनी 'जन संवाद यात्रा' को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''नई तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।'' मराठवाड़ा में यात्रा का नेतृत्व करने वाले चव्हाण ने कहा कि पुलिस लाठीचार्ज के बाद मौजूदा स्थिति के कारण इसे अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। शुक्रवार को जालना में धुले-सोलापुर रोड पर अंतरवाली सारथी में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े, क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने मराठा आरक्षण



की मांग को लेकर आंदोलन के दौरान भूख हड़ताल पर बैठे एक व्यक्ति को अधिकारियों द्वारा अस्पताल ले जाने से मना कर दिया था। समुदाय। वहां भड़की हिंसा के दौरान करीब 40 पुलिसकर्मी और कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए और कई बसों में आग लगा दी गई. अप्रिय घटनाओं में कथित संलिप्तता के लिए 350 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस ने पिछले महीने लोगों तक पहुंचने और कैडर को प्रेरित करने के साथ-साथ केंद्र में भाजपा सरकार की ''विफलताओं'' को उजागर करने के लिए 3 से 12 सितंबर तक 'जन संवाद यात्रा' आयोजित करने की अपनी योजना की घोषणा की थी।

राज्य कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा था कि उनकी पार्टी के नेता ''(भाजपा) सरकार की विफलताओं को उजागर करने और विपक्षी गठबंधन का संदेश फैलाने'' के लिए सभी क्षेत्रों में तालुका, गांव और शहर स्तर पर यात्रा करेंगे। पूर्वी विदर्भ क्षेत्र में यात्रा का नेतृत्व पटोले करेंगे, जबकि राज्य विधान परिषद में कांग्रेस समूह के नेता सतेज पाटिल कोल्हापुर (पश्चिमी महाराष्ट्र) में मार्च में भाग लेंगे।

# सेबी की वैकल्पिक निवेश नीति पर बनी समिति में बदलाव; पीएलआई योजना के तहत मिले 40 आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समिति पर वैकल्पिक निवेश उद्योग के विकास की बाधाओं और क्षेत्र के अन्य मुद्दों के साथ स्टार्टअप परिवेश के विकास पर सुझाव देने की जिम्मेदारी है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने वैकल्पिक निवेश सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर इसके सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 25 कर दी है। समिति वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के विकास से जुड़े मुद्दों पर नियामक को परामर्श देती है। इसका गठन मार्च, 2015 में हुआ था। फरवरी, 2022 में समिति में बदलाव कर इसके सदस्यों की संख्या 20 की गई थी।

इन्फोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की अध्यक्षता वाली समिति अब तक एआईएफ उद्योग पर तीन रिपोर्ट दे चुकी है। नारायण मूर्ति के अलावा समिति में सेबी, वित्त मंत्रालय, एआईएफ से



जुड़ी इकाइयों और उद्योग संगठनों के सदस्य शामिल हैं। समिति पर वैकल्पिक निवेश उद्योग के विकास की बाधाओं और क्षेत्र के अन्य मुद्दों के साथ स्टार्टअप परिवेश के विकास पर सुझाव देने की जिम्मेदारी है।

फॉक्सकॉन, एचपी, डेल व लेनोवो समेत 40 कंपनियों ने आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन किया है। उन्होंने योजना अवधि में 4.65 लाख करोड़ रुपये के आईटी उत्पादों के विनिर्माण की प्रतिबद्धता जताई है। आईटी हार्डवेयर क्षेत्र की पीएलआई योजना के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त थी।

सरकार ने गुरुवार को बताया कि अगर आवेदन करने वाली सभी कंपनियां इसके लिए चुन ली जाती हैं तो सरकार को उन्हें प्रोत्साहन राशि के तौर पर कुल 22,890 करोड़ रुपये देने होंगे। हालांकि, योजना के लिए बजट आवंटन 17,000 करोड़ रुपये ही है।

आवेदन करने वाली कंपनियों में 27 घरेलू विनिर्माण श्रेणी का हिस्सा हैं, जबकि सात वैश्विक कंपनियों समेत 13 कंपनियों ने हाइब्रिड श्रेणी के लिए आवेदन किया है। डेल और एचपी जैसी बड़ी कंपनियां योजना में प्रत्यक्ष भागीदारी कर रही हैं।

उद्योगों को बैंक कर्ज में वृद्धि जुलाई में सालाना आधार पर घटकर 5.2 फीसदी रह गई। एक साल पहले यह 10.5 फीसदी रही थी।वहीं, कृषि क्षेत्र के कर्ज में वृद्धि हुई है। आरबीआई के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कृषि व संबद्ध गतिविधियों के लिए कर्ज वृद्धि जुलाई, 2023 में सालाना आधार पर बढ़कर 16.8 फीसदी हो गई। एक साल पहले 13.2 फीसदी थी। सेवा क्षेत्र में कर्ज वृद्धि 19.4 फीसदी पहुंच गई।

# वाणिज्य मंत्रालय लैपटॉप, कंप्यूटर के आयातकों को आसानी से लाइसेंस देने पर काम कर रहा, ये बोले अधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट व अन्य पीसी उत्पादों के आयात के लिए लाइसेंस को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। यह कदम विदेशी उपकरणों में हार्डवेयर में सुरक्षा संबंधी खामियां होने के अलावा घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के मकसद से भी उठाया गया है।



वाणिज्य मंत्रालय की शाखा डीजीएफटी लैपटॉप और कंप्यूटर के आयातकों को राहत देने की तैयारी कर रही है। आयातकों को सुचारू तरीके से लाइसेंस देने के लिए मानदंड तैयार करने पर काम किया जा रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट व अन्य पीसी उत्पादों के आयात के लिए लाइसेंस को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। यह कदम विदेशी उपकरणों में हार्डवेयर में सुरक्षा संबंधी खामियां होने के अलावा घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के मकसद से भी उठाया गया है। इन वस्तुओं के आयात के लिए एक नवंबर से विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) से लाइसेंस/अनुमति लेनी होगी।

अधिकारी ने कहा, ''हम लाइसेंस के मुद्दे पर काम कर रहे हैं। इसका मकसद आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त करना आसान बनाना है।'' इसी तरह के मामलों में पहले भी लाइसेंस देने के लिए किसी कंपनी के पिछले प्रदर्शन आदि पर गौर किया गया है।

आयात पर अंकुश से भारत को उन स्थानों पर कड़ी नजर रखने में मदद मिलेगी जहां से उत्पाद आ रहे हैं। शोध संगठन ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने भी कहा था कि आयातकों को लाइसेंस देने के लिए सरकार को वस्तुनिष्ठ मानदंडों की घोषणा करनी चाहिए।

जीटीआरआई) के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा था, ''निजी कम्प्यूटर, लैपटॉप और टैबलेट हमें शिक्षा, व्यवसाय, मनोरंजन और बाकी सूचनाओं से जोड़ते हैं। सरकार को आपूर्ति में कमी और बाजार व्यवधान से बचने के लिए सभी कदम उठाने चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''इसका एक तरीका वस्तुनिष्ठ मानदंड की घोषणा करना है, जो लाइसेंस देने का आधार बनेगा।''

# जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत का इजाफा, अगस्त में 1.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगस्त में भारत का जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को वार्षिक वस्तु व सेवा कर संग्रह की जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल अगस्त महीने में वस्तु और सेवा कर के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये (17.41 अरब डॉलर) जुटाए थे।




देश के जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त में भारत का जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को वार्षिक वस्तु व सेवा कर संग्रह की जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल अगस्त महीने में वस्तु और सेवा कर के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये (17.41 अरब डॉलर) जुटाए थे।

मल्होत्रा ने कहा कि जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी और सांकेतिक रूप से इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जून तिमाही के दौरान जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। यह कर-जीडीपी अनुपात 1.33 से अधिक है।

# पाक के खिलाफ मैच से पहले बोले अख्तर- भारत अपने ही मीडिया से मिले दबाव के कारण हारा

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एशिया कप 2023 में कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच हाई-वोल्टेज संघर्ष से पहले टीम इंडिया पर मीडिया के माध्यम से पड़ने वाले दबाव के बारे में खुलकर बात की। विशेष रूप से टीम इंडिया अपने अभियान के शुरुआती मैच में पाकिस्तान से2 सितंबर को कैंडी के पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेगी।

मैच से पहले पूर्व तेज गेंदबाज अख्तर ने अपनी राष्ट्रीय टीम पर अनावश्यक दबाव बनाने के लिए भारतीय मीडिया पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रतिद्वंद्वियों के बीच एशिया कप 2022 सुपर फोर मैच से पहले की एक घटना को याद किया, जिसमें मीडिया ने खेल को प्रचारित करने में काफी भूमिका निभाई थी जिसकी उन्हें प्रतियोगिता में बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी।

शोएब अख्तर ने कहा, ज्यादातर भारत इसलिए नहीं हारता क्योंकि उनके पास प्रतिभा की कमी है, वे अपने ही मीडिया से मिलने वाले दबाव के कारण हारते हैं। और मैं हमेशा भारतीय मीडिया से यह कहता हूं कि टीम को कुछ सम्मान दें और उनकी कुछ ढीलें कम करें। इतना दबाव बनाने की जरूरत क्यों है, मैं इसे समझता हूं क्योंकि हम अंदरूनी लोग हैं लेकिन आखिरकार ऐसा



करना गलत है। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, पिछले साल मैं दुबई में था, मैं भारतीय स्थानीय चैनलों के लिए एक शो कर रहा था, उन्होंने सब कुछ नीला रंग दिया, उन्होंने स्टेडियम खरीद लिया। साथ ही वे एक बात भी कर रहे थे- %टीम इंडिया पाकिस्तान को कुचल देगी। इतना दबाव कौन बनाता है? जब आप हमें कमज़ोर बना देते हैं, तो हमारे (पाकिस्तान के पास) खोने के लिए कुछ नहीं होता, क्योंकि कोई दबाव ही नहीं होता। इसलिए, हम जो करेंगे वह यह है कि हम वहां जाएंगे और जीतेंगे।

विशेष रूप से पाकिस्तान एशिया कप 2022 के सुपर फोर में मेन इन ब्लू के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पांच विकेट से जीतकर विजयी हुआ। पाकिस्तान ने अपने पहले एशिया कप मैच में नेपाल पर 238 रनों से दबदबा बनाते हुए प्रतियोगिता जीत ली। इस बीच टीम इंडिया शनिवार के ब्लॉकबस्टर मुकाबले में बाबर आजम की पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी। हालांकि पाकिस्तान के लिए एक और जीत उन्हें एसीसी इवेंट के सुपर फोर में अपनी जगह पक्की करने में मदद करेगी।




# जो चीन ने नहीं किया वो करेगा भारत

बीजिंग (एजेंसी)। भारत का आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान कल 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे लॉन्च होगा। आदित्य एल-1 भारत की पहली अंतरिक्ष ऑब्जर्वेटरी बनेगा जिसके जरिए सूर्य का अध्ययन किया जाएगा। आदित्य एल-1 सूर्य फोटोस्फेयर, क्रोमोस्फेयर और सबसे बाहरी लेयर कोरोना की अलग-अलग कलर बैंड में स्टडी करेगा। इसरो का कहना है कि आदित्य ए-1 पेलोड के सूट कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियों और उनकी विशेषताओं, अंतरिक्ष मौसम की गतिशीलता, कण और मैग्नेटिक फील्ड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करेगा। धरती पर वायुमंडल है जो सूर्य से आने वाली ज्यादातर खतरनाक रेडिएशन को अवशोषित कर लेता है। इसलिए धरती से सूर्य का अध्ययन सही से नहीं किया जा सकता। सूर्य की स्टडी के लिए स्पेस में जाना जरूरी है और इसी कारण कई देश पहले भी अपने सोलर स्पेसक्राफ्ट लॉन्च कर चुके हैं।


### मिशन सूरज



- आदित्य एल-1 के जरिए इसरो दिखाएगा अपनी ताकत
- भारत आज लॉन्च करेगा अपना आदित्य एल-1 मिशन

## चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप रिकॉर्ड किया

### विक्रम लैंडर पर लगे पेलोड ने कंपन को मापा ; इसरो बोला- सोर्स का पता लगा रहे




बेंगलुरु (एजेंसी)। चंद्रयान-3 का लैंडर और रोवर चंद्रमा के साउथ पोल पर अब तक सल्फर, एल्यूमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन की मौजूदगी का पता लग चुका है। हाइड्रोजन की खोज जारी है। 23 सितंबर को चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर धरती पर रोज नई-नई जानकारी भेज रहे हैं। 31 अगस्त को इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर पर लगे इंस्ट्रूमेंट ऑफ लूनर सीस्मिक एक्टिविटी पेलोड ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप की प्राकृतिक घटना को रिकॉर्ड किया है। ये भूकंप 26 अगस्त को आया था।

## दो वोट के लिए दो मर्डर

## पूर्व सांसद को उम्रकैद

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-ऐसा केस पहले नहीं देखा ; 70 साल की उम्र, भगवान ही मालिक

पटना (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने साल 1995 के मशरख डबल मर्डर केस में उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए और घायल के परिवार को 5 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा- इस मामले में दो विकल्प हैं, या तो हम जीवन दें या मौत। फिर जस्टिस विक्रम नाथ ने पूछा कि प्रभुनाथ सिंह की उम्र कितनी है। उनके वकील ने बताया- 70 साल। इसके बाद जस्टिस ने कहा कि तब तो भगवान ही मालिक हैं। आज से पहले ऐसा केस नहीं देखा। प्रभुनाथ सिंह को इस मामले में पटना की एक कोर्ट ने साल 2008 में बरी कर दिया था। बाद में साल 2012 में पटना हाईकोर्ट ने भी इस फैसले को सही ठहराया था। पीड़ित के भाई ने इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने 18 अगस्त को प्रभुनाथ सिंह को दोषी करार दिया था। वे फिलहाल विधायक अशोक सिंह हत्याकांड में झारखंड के हजारीबाग केंद्रीय जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। साल 1995 में बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान छपरा के मशरख में 18 साल के राजेंद्र राय और 47 साल के दरोगा राय की पोलिंग बूथ के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोप था कि दोनों ने ही प्रभुनाथ सिंह के कहे अनुसार वोट नहीं दिया था। यह वही चुनाव था जिसमें अशोक सिंह ने प्रभुनाथ सिंह को हराया था।




### इंडिया की कोऑर्डिनेशन कमेटी में

## 13 नहीं 14 मेंबर होंगे

### सीपीआईएम मेंबर का नाम जुड़ेगा ; लालू बोले-संकल्प लिया है, मोदी को हटाकर ही दम लेंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस की तीसरी बैठक के दूसरे दिन 1 सितंबर को साढ़े तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें उद्धव ठाकरे ने कहा कि देशभर में हम गठबंधन की रैली करेंगे। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम तय हुई है। कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। उद्धव ने ये भी कहा कि हम सबने तय किया है कि आने वाले चुनाव में तानाशाही-जुमलेबाजों के खिलाफ लड़ेंगे। हमने सुना था- सबका साथ, सबका विकास। चुनाव जीतने के बाद मित्रों को लात और अपना विकास हुआ। हमारी एकता से विरोधियों में घबराहट है। हम मित्र परिवारवाद के खिलाफ लड़ेंगे। डरिए मत, हम भय मुक्त भारत बनाने जा रहे हैं। आखिर सरकार ने अचानक संसद का विशेष सत्र क्यों बुलाया है। समाजवादी पार्टी के नेता जावेद खान, जेडीयू के अध्यक्ष ललन सिंह, सीपीआई के नेता डी. राजा और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती को भी समिति में जगह दी है। इंडिया गठबंधन के लिए किसी एक वरिष्ठ नेता को संयोजक बनाए जाने की भी चर्चा थी, लेकिन अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। नीतिश कुमार और मल्लिकार्जुन खरगे का नाम संयोजक के तौर पर चल रहा था। सूत्रों का कहना है कि गठबंधन के लिए संयोजक के पद पर शायद आज फैसला न हो पाए। यही नहीं संयोजक भी कोई एक ही हो सकता है और उसे लेकर खींचतान की स्थिति न हो, इसलिए इस पर कोई बात नहीं की जा रही है। फिलहाल गठबंधन अपना लोगो भी फाइनल नहीं कर सका है। गठबंधन के सूत्रों का कहना है कि कुछ और सुझाव मांगे गए हैं, जिनके आने पर ही लोगो पर फैसला लिया जाएगा।




## अवैध शादी में जन्मी संतान भी अब होगी वैध

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, माता-पिता की अर्जित-पैतृक संपत्ति पर अधिकार, इन मामलों में बेटियां भी हकदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिंदू विवाह कानून में जिस विवाह को कानूनी मान्यता नहीं मिली हो, उससे पैदा हुए बच्चों की भी माता-पिता की पैतृक में संपत्ति में हिस्सेदारी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह साफ कर दिया। इसके साथ ही, हिंदू उत्तराधिकार कानून के तहत प्राप्त यह अधिकार अब अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चों को भी मिल गया है। हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत किसी विवाह को दो आधार पर अमान्य माना जाता है- एक विवाह के दिन से ही, दूसरे जिस दिन अदालत अमान्य घोषित कर दे। ऐसे विवाह से पैदा हुए बच्चों को माता-पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी की मांग को लेकर एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने फैसले में कहा कि अमान्य विवाह से पैदा हुए बच्चों को भी मां-पिता के वैध संतान का दर्जा मिलेगा और इस तरह वो उनकी पैतृक संपत्ति का हकदार होगा।



## ताज होटल में धमाके की धमकी

मुंबई : मुंबई पुलिस को शहर के मशहूर ताज होटल को उड़ाने की धमकी मिली है. फोन करने वाले शख्स ने धमकी भरे कॉल में दावा किया कि दो पाकिस्तानी मुंबई पहुंचेंगे और ऐतिहासिक ताज होटल को उड़ा देंगे. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है.जानकारी के मुताबिक, फोन पर धमकी देने वाले शख्स ने अपना नाम मुकेश सिंह बताया है. लेकिन उसने ये जानकारी गलत दी थी. पुलिस ने जब जांच की तो पाया कि धमकी देने वाले का नाम जगदंबा प्रसाद सिंह है. पुलिस के मुताबिक जगदंबा मुंबई में ही सांताक्रूज में रहता है. वो यूपी के गोंडा का रहने वाला है. उसकी उम्र करीब ३५ वर्ष है.

## विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव : राहुल गांधी

मुंबई : मुंबई में गुरुवार को शुरू हुई विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक आज ख़त्म हो गई है। बैठक के बाद सभी पार्टियों के नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के केंद्र में है।पीएम मोदी का एक कारोबारी के साथ गठजोड़ है जिसका नाम सब जानते हैं। इंडिया गठबंधन भाजपा और उसके भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा। मुझे विश्वास है कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हराएगा और यहां मौजूद सभी नेता मतभेद भुलाकर एक साथ हुए हैं। प्रेस को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हमने इस बैठक में हमने कुछ बड़े स्टेप लिए हैं जो भी पार्टी इस इंडिया में है वो भाजपा को हराने के लिए यहां है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कार्य सबसे कुशल तरीके से एक साथ आने का है। एक समन्वय समिति का गठन और सीट-बंटवारे पर चर्चा में तेजी लाने का निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दो कदम हैं कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हरा दे। राहुल गांधी ने कहा कि इस मंच पर जो दल हैं वो देश की ६० फीसदी जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव होगा। विकास में हम किसान गरीबों को साथ लेकर चलेंगे।चीन को लेकर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं लद्दाख गया था और पेंगोंग लेक भी गया था। लद्दाख में चीन ने कब्जा कर लिया है ये मैंने देखा है। लद्दाख का हर एक आदमी जानता है केंद्र सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मैंने लद्दाख में एक सप्ताह बिताया। मैं पैंगोंग झील के ठीक सामने गया जहां चीनी हैं। मैंने विस्तृत चर्चा की, शायद यह सबसे विस्तृत चर्चा है जो लद्दाख के बाहर किसी भी राजनेता ने लद्दाख के लोगों के साथ की है।राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने मुझे स्पष्ट रूप से बताया कि चीनियों ने भारतीय जमीन ले ली है। उन्होंने मुझे स्पष्ट रूप से बताया कि पीएम इस तथ्य के बारे में झूठ बोल रहे हैं कि चीनियों ने भारतीय जमीन नहीं ली है।






# उर्फी जावेद ने अपनाया एक्वेरियम लुक, वीडियो देख लोगों के छूट गए पसीने

ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब उर्फी जावेद अपने अजीबोगरीब फैशन की वजह से सुर्खियों में ना रहें। वह कब क्या पहन कर लोगों के सामने आ जाए, ये कह पाना काफी मुश्किल है, लेकिन ये तय है कि उनके लुक को देखकर हर कोई हैरान जरुर होगा। अब एक बार फिर उर्फी जावेद का एक अतरंगी अवतार सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने कुछ ऐसा पहन लिया है, जो किसी के भी सोच से काफी परे है। अभी तक आपने काफी सारे लुक के बारे में सुना होगा, लेकिन ये उर्फी का लुक है, तो जाहिर सी बात है कि काफी हटकर भी होगा। इस बार एक्ट्रेस ने अपनी बॉडी को ब्लेड या गिलास से नहीं बल्कि यूनिक तरीके से ढंका है, जिसका वीडियो भी उन्होंने शेयर किया है। अब इस पर लोगों ने अपने कमेंट करने शुरू कर दिए हैं। उर्फी जावेद ने इस बार अपने बॉडी को एक्वेरियम बना लिया है। उन्होंने एक ट्रांसपेरेंट पिन्नी में पानी और मछलियां डालकर उससे ब्रा तैयार की है। उर्फी इसे पहनकर पोज देते हुए नजर आ रही हैं। इस लुक का वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा 'मछली जल की रानी है'। ऐसी अतरंगी ड्रेस पहनने के बाद उर्फी का ट्रोल होना तो तय था। लोगों ने उनकी इस वीडियो पर जमकर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'अरे नहीं ये तो दुनिया का आठवा अजूबा है'। एक अन्य ने लिखा 'यह सिर्फ तुम ही कर सकती हो'। तीसरे ने लिखा कि इससे ज्यादा और क्या ही देखने को मिलेगा'। उर्फी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



# स्वरा भास्कर को सता रही है पति फहाद की याद

स्वरा भास्कर इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी एन्जॉय कर रही है। एक्ट्रेस जल्द मां बनने वाली है। हाल ही में उन्होंने पति संग अपने मैटरनिटी फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की थी। अब एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर किया है, लेकिन इस वीडियो के साथ उन्होंने ऐसा कैप्शन लिखा है जिसे पढ़ने के बाद हर कोई एक बार को टेशन में आ रहा है। एक्ट्रेस स्वरा इन दिनों अपने पेरेंट्स के घर दिल्ली में है। जहां उन्होंने पति संग मेटरनिटी शूट करवाया था। हालांकि इन दिनों स्वरा के साथ उनके पति फहाद अहमद नहीं है और वह उन्हें बेहद याद कर रही है। इसका खुलासा खुद उन्होंने शेयर किए वीडियो में किया है। स्वरा भास्कर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फहाद के लिए एक क्यूट वीडियो शेयर की है। वीडियो को शेयर करते हुए स्वरा ने लिखा, 'फहाद अहमद आपकी याद आ रही है।



# प्रियंका को ट्रोल करने पर भड़कीं गरेवाल

सिमी गरेवाल का सेलिब्रिटी चैट शो 'सिमी सेलेक्ट्स इंडियाज मोस्ट डिज़ायरेबल' साल 2011 में टेलीविजन का सबसे चर्चित शो रहा। इसमें रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा, अनुष्का शर्मा, रणवीर सिंह और अन्य जैसे कई सेलेब्स शामिल हुए। हाल ही में सिमी पुरानी यादों में खो गईं, हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो क्लिप शेयर किया, जब प्रियंका चोपड़ा शो में गेस्ट के रूप में आई थीं। पीसी ने अपने पिता डॉ अशोक चोपड़ा को एक गाना समर्पित किया था। इस गाने पर एक नेटिजन ने कमेंट करते हुए इसे ड्रामा बताया। जिसे सिमी गरेवाल ने उसे फटकार लगाया।

सिमी गरेवाल ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर अपने शो का एक पुराना वीडियो क्लिप साझा किया, जिसमें प्रियंका अपने पिता को एक गाना समर्पित करती नजर आ रही हैं। "भारत की सबसे टैलेंटेड प्रियंका चोपड़ा जोनास, के पिता का एक सपना था कि वह एक अंतरराष्ट्रीय गायिका बनें। उन्होंने सुपर ग्लोबल स्टार बनकर इसे पूरा किया। लेकिन गंभीरता से, क्या आपको नहीं लगता कि उस आवाज के साथ प्रियंका और निक को ड्यूट गाना चाहिए? मुझे लगता है कि यह धूम मचा देगा" सिमी ने लिखा, वीडियो में प्रियंका को मारिया कैरी का गाना 'हीरो' गाते हुए और कहते हुए दिखाया गया है, 'यह मेरे डैडी के लिए है'



सिमी की पोस्ट पर एक यूजर ने एक घटिया कमेंट करते हुए लिखा, इतना नाटक, शायद खामियों को छिपाने के लिए किया गया है। आप देखेंगे कि रियल सिंगर के पास इतना ड्रामा करने का समय नहीं होता। इसपर सिमी गरेवाल ने ट्रोलर को जवाब देते हुए लिखा, 'ड्रामा?? ड्रामा कहां था? विस्तार से बताएं। सिमी गरेवाल ने भी कमेंट में लिखा, "अपने सम्मान के लिए लड़ना कभी न भूलें। आपमें अपने अपनी रक्षा करने का साहस होना चहिए।



# 'जवान' की हुई बंपर एडवांस बुकिंग



हिंदी सिनेमा के दमदार कलाकार शाह रुख खान की फिल्म 'जवान' की एडवांस बुकिंग की विंडो शुक्रवार से खुल गई हैं। फैंस के अंदर इस फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है, जिसके चलते 'जवान' ने पहले दिन टिकटों की रिकॉर्ड तोड़ एडवांस बुकिंग कर डाली है। फर्स्ट डे के 'जवान' के एडवांस बुकिंग के आंकड़ों की जानकारी हम आपको देने जा रहे हैं, जिसे जानकार आप भी हैरान हो जाएंगे। गौर करें पहले दिन 'जवान' की टिकटों की एडवांस बुकिंग की तरफ तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार शाह रुख खान की इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड बना डाला है। पहले दिन 'जवान' की रिकॉर्ड तोड़ 2 लाख 71 हजार 176 टिकटें बिक चुकी हैं, एडवांस बुकिंग का ये आंकड़ा वास्तव में हैरान करने वाला है।

# बला की खूबसूरत लगती हैं 'राजमाता'



डायरेक्टर एस एस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' से अपनी खास पहचान बनाने वालीं राम्या कृष्णन हर किसी की फेवरेट मानी जाती हैं। कमाल की अदाकारी चलते इनका नाम काफी चर्चित है। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर भी राम्या काफी एक्टिव रहती हैं, जिसकी वजह से अक्सर वह लाइमलाइट का हिस्सा भी बनती हैं। इस बीच हम आपके लिए राम्या कृष्णन की कुछ ऐसी तस्वीरें लेकर आए हैं, जिन्हें देखने के बाद आपको ये यकीन नहीं होगा कि उनकी उम्र 52 साल है। राम्या कृष्णन के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी एक से बढ़कर एक तस्वीर मौजूद हैं, जिनको देखकर आप ये यकीन नहीं कर पाएंगे कि ये वहीं राम्या हैं, जिन्होंने बाहुबली में राजमाता का किरदार अदा किया है। इस तस्वीर में राम्या कृष्णन की बेबाक खूबसूरती का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .